दैनिक जागरण 27/09/2024

कुविवि की मेरिट लिस्ट टाप टेन में शामिल जीएमएन कालेज के विद्यार्थी

जासं●अंबाला : एमए अंग्रेजी में गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की छात्रा ने कुरुक्षेत्र विवि (कुविवि) की मेरिट लिस्ट में टाप 10 सूची में स्थान प्राप्त कर बढ़ाया कालेज का गौरव बढ़ाया है। कालेज की अंग्रेजी विभाग की छात्रा राधिका जैन ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में एमए अंग्रेजी में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि महक रानी और हर्षिता ने भी एमए अंग्रेजी में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त कर महाविद्यालय की ख्याति बढ़ाई है।

कुविवि की मेरिट लिस्ट में छाये जीएमएन कालेज के विद्यार्थी कार्यक्रम के दौरान।

कालेज की कार्यवाहक प्राचार्य डां. सीमा कंसल ने कहा कि कालेज अपने विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए वचनबद्ध है। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता और ट्रस्ट के अध्यक्ष जसवंत राय जैन ने इन सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विभाग अध्यक्ष डा. अमित कुमार, प्रो. कमलेश कुमारी, डा. ज्योति सौरोत, डा. अंशु चौधरी, डा. नीना और प्रो. महक, डा. ज्योति सौरोत, डा. अंशु चौधरी, डा. नीना और प्रो. महक आदि मौजूद रहे। इसी तरह एनसीसी गर्ल्स विंग द्वारा कविता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा कालेज द्वारा मतदान जागरूकता अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गई।